सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 19 | अजमेर, बुधवार 25 मार्च 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय से जारी किए परीक्षा परिणाम

## माध्यमिक, माध्यमिक व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षाओं के साथ अन्य परीक्षाओं के परिणाम घोषित



अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की माध्यमिक, माध्यमिक व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षाओं के साथ अन्य परीक्षाओं के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए।

राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा 2026 में कुल 10 लाख 66 हजार 561 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 10 लाख 49 हजार 68 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों की तुलना में बेहतर रहा। परीक्षा में पांच लाख 51 हजार 534 छात्रों में से दो लाख 72 हजार 252 छात्र और चार लाख 97 हजार 534 छात्राओं में से एक लाख 99 हजार 661 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं।इसी प्रकार प्रवेशिका परीक्षा 2026 में कुल सात हजार 764 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से सात हजार 570 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी में तीन हजार 577 छात्रों में से 499 छात्र और तीन हजार 993 छात्राओं में से 960 छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं।उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र कक्षा-आठ परीक्षा 2026 का आयोजन 19 फरवरी से मार्च 2026 तक 10,056 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। इस परीक्षा में कुल 12 लाख 86 हजार 220 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इनमें से 12 लाख 45 हजार 735 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस परीक्षा में 2,209 परीक्षार्थियों का परिणाम रोका गया है, जिसे नियमानुसार बाद में जारी किया जाएगा, जबकि 38 हजार 276 परीक्षार्थी पूरक श्रेणी में वगीर्कृत किए गए हैं।

दिलावर ने बताया कि प्राथमिक शिक्षाअधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा-5 परीक्षा 2026 का आयोजन 20 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक राज्य के 18 हजार 621 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। इसमें कुल 13 लाख 68 हजार 947 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इनमें से 13 लाख 33 हजार 936 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। कुल चार हजार 371 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है। इसे प्रक्रिया पूर्ण होने पर पृथक से जारी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 30 हजार 640 परीक्षार्थी पूरक श्रेणी में वगीर्कृत किए गए हैं, जिनकी पूरक परीक्षा जुलाई 2026 में आयोजित होगी। कक्षा-5 एवं कक्षा-8 परीक्षाओं के परिणाम में ग्रेड आधारित मूल्यांकन प्रणाली अपनाई गई है। कक्षा-5 में 81 से 100 अंक प्राप्त करने वाले चार लाख 89 हजार 535 को ए ग्रेड, 61 से 80 अंक प्राप्त करने वाले सात लाख 45 हजार 152 को बी ग्रेड, 41 से 60 अंक प्राप्त करने वाले 99 हजार 129 को सी ग्रेड प्रदान किया गया है।

कक्षा-8 में 81 से 100 अंक प्राप्त करने वाले दो लाख 62 हजार 26 परीक्षार्थियों को ए ग्रेड, 61 से 80 अंक प्राप्त करने वाले सात लाख छह हजार को बी ग्रेड, 41 से 60 अंक प्राप्त करने वाले दो लाख 75 हजार 507 को सी ग्रेड प्रदान किया गया है। दिलावर ने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त एवं बोर्ड प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़, बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10वीं परिणाम : आबूरोड की कनक सैनी को 96.67 प्रतिशत अंक



आबूरोड। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मंगलवार को घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा में सिरोही जिले के आबूरोड स्थित सेंट थामस स्कूल की छात्रा कनक सैनी ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता ज्ञानचंद सैनी व्यवसायी और माता नम्रता सैनी गृहिणी है। बचपन से ही पढाई में होशियार कनक सैनी ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल टीचर्स को दिया है। कनक सैनी को मोबाइल नम्बर 8440064759 पर बधाई दे सकते हैं।

# हनुमानगढ़ में आर्केस्ट्रा ग्रुप पर धारदार हथियार से हमला

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ के टाउन थाना क्षेत्र में सहजीपुरा गांव के एक मैरिज पैलेस में आयोजित समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले आर्केस्ट्रा आर्टिस्ट ग्रुप पर दो गाड़ियों में सवार करीब 10 युवकों ने हमला कर दिया।हमले में ग्रुप का एक सदस्य बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर आकाश, गौरव सहित अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना 22 मार्च की देर रात की बताई जा रही है।आर्केस्ट्रा ग्रुप संचालक लवप्रीतसिंह ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि उनके ग्रुप को सहजीपुरा गांव के मैरिज पैलेस में एक समारोह में कार्यक्रम के लिए बुलाया गया था।कार्यक्रम में महिला डांसर भी शामिल थीं। कार्यक्रम के दौरान ही कुछ युवक मंच के पास आए और डांसर्स के मोबाइल नंबर और नाम पूछने लगे। इस बात को लेकर आर्केस्ट्रा ग्रुप के सदस्यों के साथ तनातनी हो गई, हालांकि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव करके मामला शांत करा दिया।कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकार अपनी गाड़ियों में लौट रहे थे, तब हनुमानगढ़ टाउन के सुपर मार्केट क्षेत्र के पास दो गाड़ियों में सवार करीब 10 युवकों ने उन्हें रोक लिया।युवकों ने कार्यक्रम के दौरान हुई तनातनी का हवाला देते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने लाठियों-डंडों और तेज धार वाले हथियारों से ग्रुप पर हमला बोल दिया। हमले में आर्केस्ट्रा ग्रुप के सदस्य शमशेर सिंह को गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया1 पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

# काल सोमानी ने 16,290 करोड़ रुपए में राजस्थान रॉयल्स को खरीदा




जयपुर। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल टीम के मौजूदा शेयरहोल्डर कल सोमानी ने जयपुर की इस टीम को 1.63 अरब डॉलर में खरीदकर फ्रेंचाइजी अपने हाथ में ले ली है, जो लगभग 16,290 करोड़ रुपए है। टाइम्स ग्रुप, जो इस दौड़ में भी था, बोली की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहा।सोमानी एक कंसोर्टियम को हेड करेंगे जिसमें वॉलमार्ट भी शामिल है और उनके ग्रुप ने रॉयल्स में पूरी 100 परसेंट हिस्सेदारी खरीद ली है जो आईपीएल की ओरिजिनल आठ फ्रेंचाइजी में से एक है। उम्मीद है कि 2026 सीजन के बाद वह यूके में रहने वाले इमर्जिंग मीडिया के मनोज बडाले की जगह टीम की कमान संभालेंगे।

स्कॉट्सडेल एरिजोना के रहने वाले 50 साल के कल सोमानी को क्रिकेट के अलावा गोल्फ में भी दिलचस्पी है। वह मोटर सिटी गोल्फ क्लब के फाउंडर्स में से एक हैं, जिसका गोल्फ के लेजेंड टाइगर वुड्स से जुड़ाव है। उनके बेटे, अर्जुन सोमानी, यूएस जूनियर सर्किट में एक होनहार टैलेंट हैं। सोमानी की दिलचस्पी पढ़ाई से लेकर खेल तक है और वह कई कंपनियों के फाउंडर हैं।इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स की 1.6 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन कोई हैरानी की बात नहीं है। एलारा कैपिटल के करण तुरानी ने कहा कि आरआर डील ज्यादा फ्रेंचाइज वैल्यूएशन को सही ठहराती है।कल सोमानी की लीडरशिप वाले कंसोर्टियम द्वारा राजस्थान रॉयल्स को 1.63 बिलियन डॉलर में खरीदना हमारे इस विचार को मजबूत करता है कि आईपीएल फ्रेंचाइज की वैल्यू अब 1.5-2.0 बिलियन डॉलर की रेंज में है, जिसे मजबूत मीडिया मोनेटाइजेशन और ग्लोबल इन्वेस्टर की बढ़ती दिलचस्पी का सपोर्ट मिला है।

माना जा रहा है कि बोली सोमवार को खत्म हो गई थी और विनर का नाम उसी समय फाइनल हो गया था। कई बिडर्स थे और टाइम्स ग्रुप उनमें से एक था। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को अभी भी इस ट्रांजेक्शन के बारे में पता नहीं चला है और आईपीएल फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के अनुसार बीसीसीआई को ट्रांजैक्शन की गई रकम का पांच परसेंट देना होगा जो लगभग 8.1 करोड़ रुपए है।




# भीलवाड़ा के शाहपुरा में कार से टकराकर बस पलटी, 37 लोग घायल

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग पर मंगलवार को एक बस के कार से टकराने के बाद पलटने से 37 लोग घायल हो गए।पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक निजी बस भीलवाड़ा से देवली की ओर जा रही थी। यात्रियों के अनुसार चालक बस को काफी तेज गति से चला रहा था। रायपुर चौराहे के पास सडक पर आए एक गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया जिससे अनियंत्रित बस विपरीत दिशा से आ रही एक कार को टक्कर मारते हुए सडक किनारे पलट गई। इससे बस और कार में सवार 37 लोग घायल हो गए।पुलिस ने बताया कि घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस वाहन से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल 37 लोगों में से दो कार सवार शामिल हैं। शाहपुरा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल भीलवाड़ा भेज दिया गया। शेष घायलों का उपचार शाहपुरा में जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# चुनावों में लोकतंत्र की गरिमा बनाएं रखना हम सबकी जिम्मेदारी

चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मयार्दाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है।इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं।

# साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का हो रहा पुनर्जागरण :भजनलाल शर्मा

**● मां सरस्वती मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव ● कनाना श्रीमठ में श्री ललिता महायज्ञ की पूणार्हुति**





बालोतरा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान की धरा को शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी बताते हुए कहा है कि जहां साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है।शर्मा मंगलवार को बालोतरा के कनाना श्रीमठ में आयोजित श्री ललिता महायज्ञ की पूणार्हुति एवं मां सरस्वती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति हो या कोई अन्य कार्य हो, धर्म आवश्यक है, धर्म के अभाव में कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो सकता। धर्म परायण होने पर ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं और उसी से ही उत्कृष्ट समाज एवं राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। सनातन परम्परा हमें धर्म पर चलते हुए सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल महालोक के अलौकिक निर्माण सहित प्रसाद योजना के माध्यम से देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक एकता को सुदृढ़ करने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को विरासत से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने बालोतरा के धार्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि यहां के तीर्थ स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति के सजग प्रहरी हैं।शर्मा ने कहा कि आस्था की सेवा सबसे बड़ी जनसेवा है, इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में भी हमारी सरकार तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ दर्शन करवाए जा रहे हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड योजना के तहत धार्मिक स्थलों का सुनियोजित विकास किया जा रहा है।

इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रदेश में शर्मा के नेतृत्व में सनातन के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाने की परंपरा शुरू की गई है वहीं मंदिरों के विकास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान कनाना मठ के महंत परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनकल्याण के सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन अखण्ड भारत और सनातन संस्कृति की पहचान है। जहां कई देश युद्ध की ओर अग्रसर हैं, वहीं हम भारतीय समस्त विश्व की शांति के लिए कार्य कर रहे हैं।इससे पहले शर्मा ने पिछले एक वर्ष से चल रहे श्री ललिता महायज्ञ में पूणार्हुति दी। साथ ही, कार्यक्रम में देशभर से आए प्रमुख संत-महंतों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया वहीं महंत परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री को श्री यंत्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई, विधायक हमीर सिंह भायल, महंत प्रतापपुरी, आदूराम मेघवाल, अरुण चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख महंत, साधु-संत और आमजन मौजूद थे।

# भीलवाड़ा के कारोई में हनुमान मंदिर को हटाने के विरोध में कस्बा बंद रहा

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के कारोई कस्बे के आराध्य देव श्री सांवरिया हनुमान मंदिर के अस्तित्व पर मंडराते संकट और प्रशासन की प्रस्तावित






कार्रवाई के विरोध में सोमवार को पूरा कारोई कस्बा बंद रहा।पिछले तीन दिनों से चल रहे इस जनांदोलन ने सोमवार को उग्र रूप ले लिया, जब हजारों की संख्या में ग्रामीणों और भक्तजनों ने एकजुट होकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि मंदिर की एक ईंट भी छुई गई, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।ज्ञापन में बताया गया कि कई वर्षों पूर्व हजारों साधु-संतों के सानिध्य में यहाँ 28 फुट लंबी और 64 टन वजनी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। यह राज्य की पहली और देश की दूसरी सबसे बड़ी लेटी हुई हनुमान प्रतिमा है। ग्रामीणों ने करोड़ों रुपए जनसहयोग से जुटाकर इसे एक भव्य धाम के रूप में विकसित किया है, जो अब हजारों हिंदुओं की अटूट आस्था का केंद्र है।ग्रामीणों ने कहा कि चरागाह भूमि पर स्थित होने के कारण कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा कानूनी पेचीदगियों का सहारा लेकर इसे तुड़वाने के लिए प्रशासन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यह किसी का व्यक्तिगत कब्जा नहीं, बल्कि पूरे गांव का धार्मिक स्थल है। वे इस भूमि को चरागाह से मंदिर के नाम आवंटित करवाने के लिए सभी कानूनी प्रक्रियाएं अपनाने को तैयार हैं।ग्रामीणों ने सोमवार को बाजार पूरी तरह बंद रखकर अपनी एकता का परिचय दिया। नायब तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि प्रशासन ने मंदिर या उसके निर्माण को ढहाने की कोई भी कोशिश की, तो आसपास के हजारों भक्त और ग्रामीण सडकों पर उतरेंगे।

# भागवत कथा के भेंट पात्र से 2 .52 लाख रुपए की राशि गौ सेवा हेतु मुस्कान फाउंडेशन को समर्पित

भीलवाड़ा। वस्त्रनगरी की धार्मिक सरजमीं पर आस्था, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत एकत्रित भेंट राशि गौसेवा के पावन कार्य हेतु समर्पित की गई।19 फरवरी से 26 फरवरी तक चले इस भव्य दीक्षा कार्यक्रम में भागवत कथा और यज्ञशाला में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित भेंट पात्रों से जुटी राशि 2 लाख 52 हजार 358 रुपए को सोमवार को मुस्कान फाउंडेशन, भीलवाड़ा को सौंपा गया।महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने श्रद्धा और सेवा के इस अनूठे संगम को साकार करते हुए उक्त राशि संस्था को भेंट की। इस अवसर पर संत समाज और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी दिव्यता प्रदान की।संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविन्द राम, संत केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित चाँदमल सोमानी, सुरेश गोयल, ईश्वर आसनानी, देवीदास गेहानी, कन्नू जगत्यानी, सुरजीत सर्वा, जय गुरनानी, दीपक केशवानी, पल्लवी वच्छानी और राजा टिकयानी समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि सनातन मंगल महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था से संचित यह राशि गौमाता की सेवा में समर्पित



की जा रही है। मुस्कान फाउंडेशन इस धनराशि का उपयोग भीलवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में गौसेवा, उनके लिए चारे और गर्मी में जल की पोह व्यवस्था जैसे पुनीत कार्यों में करेगा।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गौसेवा को सर्वोपरि स्थान दिया गया है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, करुणा और धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश देते हैं। यह संपूर्ण कार्य सनातन मंगल महोत्सव समिति के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौसेवा के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों से जुड़े रहने का संकल्प लिया।

# 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर : द रिवेंज

मुंबई। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर : द रिवेंज कमाई ने भारतीय बाजार में 519 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सीक्वल धुरंधर : द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पांच दिन में ही देश




में 500 करोड़ रुपए से अधिक का नेट कलेक्शन कर लिया है।सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धुरंधरः द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 19 मार्च को 102.55 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन 80.72 करोड़ तीसरे दिन 113 करोड़, चौथे दिन 114.85 करोड़ रुपए और पांचवे दिन 65 करोड़ की कमाई की। इस तरह फिल्म ने भारतीय बाजार में 519.12 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।

## सर्पदंश पीड़िता के साथ सांप पकड़कर अस्पताल पहुंचे परिजन

धौलपुर। राजस्थान में धौलपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैपऊ के चिकित्साकर्मियों में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब सर्पदंश से पीड़ित एक महिला के साथ जीवित साँप को लेकर लोग अस्पताल पहुंच गए।अस्पताल सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कौलारी थाना क्षेत्र के बाला का नगला गांव में अपने पति सुंदर सिंह कुशवाह के साथ खेत में गेहूं काटते समय उसकी पत्नि को सांप ने हाथ मे डस लिया। घटना के बाद महिला के परिजनों ने सांप को जिंदा पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया और महिला के साथ उसे भी अस्पताल ले गए।सैपऊ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान महिला की हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल धौलपुर भेज दिया जहां महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार सांप की प्रजाति की पहचान की जा रही है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि विष कितना घातक है और उसी के अनुसार महिला का उपचार किया जा सकेगा।



## रायसिंहनगर रेंज का क्षेत्रीय वन अधिकारी रिश्वत लेते अरेस्ट

श्रीगंगानगर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।ब्यूरो के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की श्रीगंगानगर इकाई में शिकायत की कि उसकी फर्म को वन विभाग की रायसिंहनगर रेंज के तहत आने वाली दो अलग-अलग माइनर नहरों से पेड़ों के ठूंठ निकालने का ठेका मिला हुआ है।क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोकसिंह ने इस कार्य के लिए और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने की एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। वह रिश्वत न देने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और दोनों कार्यों की एनओसी जारी न करने की धमकी देकर परेशान कर रहा है।सूत्रों ने बताया कि इस पर ब्यूरो के श्रीगंगानगर इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवनकुमार मीणा के नेतृत्व में गठित ब्यूरो के दल ने सत्यापन के बाद जाल बिछाकर रायसिंहनगर के नजदीक चक 11-टीके में स्थित वन विभाग के कार्यालय में अशोक सिंह को परिवादी से 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।



## हत्या का आरोपी कुख्यात बदमाश भैरु गुर्जर अरेस्ट

भीलवाड़ा/चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र में गत वर्ष बजरी तस्करों के गिरोहों के संघर्ष में मारे गए एक कुख्यात बदमाश की हत्या के मामले में वांछित फरार आरोपी कुख्यात बदमाश भैरु गुर्जर उर्फ भैरु झूंपड़ा को भीलवाड़ा पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना क्षेत्र के झूंपड़ा गांव निवासी कुख्यात अपराधी भैरु गुर्जर उर्फ भैरु झूंपड़ा को भीलवाड़ा के जिला विशेष दल ने गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।झूंपड़ा भीलवाड़ा के हमीरगढ थाने के साथ चित्तौड़गढ़ कोतवाली क्षेत्र में गत वर्ष बजरी माफिया अजयराजसिंह झाला की गोली मारकर हत्या के मामले में वांछित था और उसे दोनों जिले की पुलिस तलाश कर रही थी। उस पर 30 हजार रुपए का पुलिस ने इनाम भी घोषित कर रखा था।उसके खिलाफ चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, हथियार, मारपीट, लूट एवं मादक पदार्थ तस्करी के 20 से अधिक मामले दर्ज हैं।

## राजस्थान हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन समय-सारणी लागू, 13 अप्रैल से बदलेगा समय

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर द्वारा ग्रीष्मकालीन अवधि के लिए न्यायालय एवं कार्यालय समय में बदलाव को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। यह नई समय-सारणी सोमवार, 13 अप्रैल से रविवार, 28 जून तक प्रभावी रहेगी।

अधिसूचना के अनुसार हाईकोर्ट में न्यायालय का समय सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे से 11 बजे तक मध्यांतर रहेगा। वहीं कार्यालय का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा, जिसमें पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे से पौने 11 बजे तक मध्यांतर होगा।अधीनस्थ न्यायालयों के लिए न्यायालय का समय सुबह आठ बजे से मध्याह्न साढ़े 12 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 10 बजे से सवा 10 बजे तक मध्यांतर रहेगा। इन न्यायालयों के कार्यालय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित होंगे, जिसमें 10 बजे से सवा 10 बजे तक विश्राम रहेगा।इसके अतिरिक्त, पीठासीन अधिकारी सुबह साढ़े सात बजे से आठ बजे तक और मध्याह्न साढ़े 12 बजे से एक बजे तक अपने चैंबर में कार्य करेंगे। यह आदेश रजिस्ट्रार (प्रशासन) द्वारा सोमवार को जारी किया गया।

## नदबई में शराब के नशे में पुत्र ने की पिता बेरहमी से हत्या

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के नदबई थाना क्षेत्र में भौसिंगा गांव में नशे में धुत एक कलयुगी बेटे द्वारा धारदार हथियार से अपने बुजुर्ग पिता की हत्या करने का मामला सामने आया है।पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कुंवर सिंह उर्फ गुड्डू ने रविवार की देर रात अपने पिता प्रेम सिंह (60) धारदार हथियार के वार से हत्या कर दी। गुड्डू ने आज सुबह गांव वालों को अपने पिता की मौत की सूचना दी। जब ग्रामीणों ने प्रेम सिंह का शव लहूलुहान हालत में देखा तो वे सन्न रह गए, इसी बीच आरोपी पुत्र गांव से फरार हो गया।वारदात के समय मृतक की पत्नी अपने मंझले बेटे के इलाज के लिए दौसा गई हुई थी और छोटा बेटा नौकरी पर भरतपुर में था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाने के बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# सोने की तस्करी मामले में नया मोड़, अभिनेत्री रान्या से हुई थी 2 करोड़ की धोखाधड़ी

बेंगलूरु। सोने की तस्करी की एक हाई-प्रोफाइल जांच में एक चौंकाने वाला मोड़ आया है जहां जांचकर्ताओं ने पाया है कि करोड़ों रुपए के रैकेट में आरोपी कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से पहले अफ्रीकी सोने के एक असफल सौदे में 2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी हुई थी। जांचकर्ताओं का कहना है कि इसी घटना ने कथित तौर पर इस गिरोह के बाद के कामकाज का तरीका बदल दिया।केंद्रीय एजेंसियों की जांच के अनुसार रान्या और उनके सहयोगी ने शुरूआत में युगांडा स्थित एक एजेंट के माध्यम से सीधे अफ्रीका से सोना मंगवाने का प्रयास किया था, जिसकी शुरुआत 5 किलो के परीक्षण खेप से होनी थी। हालांकि अग्रिम भुगतान और अतिरिक्त शुल्क दिए जाने के बाद भी सोने की आपूर्ति नहीं हुई और यह सौदा धोखाधड़ी साबित हुआ।अधिकारियों ने कहा कि इस असफल लेनदेन ने एक महत्वपूर्ण मोड़ का काम किया, जिससे इस नेटवर्क ने अफ्रीका से सीधे सोना मंगवाना छोड़ दिया और अपना परिचालन दुबई स्थित आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से शुरू किया, जो बाद में इस कथित तस्करी श्रृंखला का मुख्य आधार बन गए।यह घटनाक्रम उस व्यापक जांच का हिस्सा है जो तब प्रकाश में आई जब रान्या को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारी मात्रा में सोने के साथ पकड़ा गया था। इसके बाद की जांच में एक बड़े गिरोह की ओर इशारा किया गया है जो कथित तौर पर भारत में भारी मात्रा में कीमती धातु की तस्करी में शामिल है।राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सहित एजेंसियां वित्तीय लेन-देन, विदेशी संपर्कों और इस नेटवर्क के विस्तार की जांच जारी रखे हुए हैं। युगांडा के शुरुआती सौदे को अब एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है जिसने इस कथित रैकेट की दिशा को प्रभावित किया।




## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

अजमेर। नसीराबाद क्षेत्र के ग्राम बनेवड़ा और आसपास के इलाकों की समस्याओं को लेकर सोमवार को शिवसेना नसीराबाद एवं बनेवड़ा संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से अजमेर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण धरना देते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठाई।धरने से पूर्व कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। इस दौरान नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में रोडवेज बस सेवा शुरू करने का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया।ज्ञापन में पांच अहम मांगों को शामिल किया गया। इनमें अजमेर से नसीराबाद होते हुए बनेवड़ा और बाघसुरी तक रोडवेज बस सेवा प्रारंभ करने, बनेवड़ा में बड़ी एसआर पेयजल टंकी का निर्माण, भैरूजी से पंचमदा सीमा तक सीसी सड़क का निर्माण, शिव मंदिर से अजबा का बाडिया तक डामर सड़क बनवाने तथा चबूतरिया रोड स्थित आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कराने की मांग प्रमुख रही।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।

धरने के दौरान शिवसेना नसीराबाद के अध्यक्ष लोकेश ने अपने साथियों के साथ कलक्टर को संगठन के लेटरपैड पर ज्ञापन सौंपते हुए रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग दोहराई। इस मौके पर कपिल खत्री, जिला अध्यक्ष फतेह सिंह, दीपक नकवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज के लिए काशवी गौतम भारतीय टीम में शामिल

नई दिल्ली। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है।चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह टी20 दल का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें कोई भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था।श्रीलंका के खिलाफ सभी पांच टी20कखेलने और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेंच पर रहने वाली बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचो में 3 और 1 का स्कोर बनाने तथा तीन ओवर में 30 रन देने वाली ऑलराउंडर अमनजोत कौर को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है।अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ के साथ गौतम तेज गेंदबाजी की चौथी विकल्प होंगी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरु होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आखिरी मैच खेला जाएगा।



# President Murmu Urges 'Collective Resolve' to End TB on Eve of World Tuberculosis Day 2026

New Delhi: On the eve of World Tuberculosis Day 2026, the President of India, Smt. Droupadi Murmu, has called upon all citizens and stakeholders to unite with a "shared determination" to eradicate Tuberculosis (TB) from the country. Observed annually on March 24, the day serves as a global reminder of the persistent health, social, and economic impact of the disease.



A Vision for a 'TB Mukt Bharat'- In her official message, the President highlighted the significant strides made under the TB Mukt Bharat Abhiyaan. She noted that India's National TB Elimination Programme has successfully expanded early diagnosis and ensured free treatment for millions.

The Global Theme: "Yes! We Can End TB"-The theme for 2026, "Yes! We Can End TB!", resonates with India's ambitious goal to eliminate the disease by 2025—five years ahead of the global Sustainable Development Goal (SDG) target.Recent data shows a marked reduction in "missing" TB cases, dropping from 15 lakh in 2015 to roughly 2.5 lakh. This success is largely attributed to the Ni-kshay Mitra initiative, where over 2.5 lakh volunteers have stepped up to provide nutritional and social support to patients.

Key Symptoms to Watch For-Health experts remind the public that early detection remains the most effective tool against TB. Common symptoms include:A persistent cough lasting more than two weeks.Unexplained weight loss and loss of appetite.

Night sweats and recurring fever-As the nation observes World TB Day, the message from Rashtrapati Bhavan is clear: with community participation and modern diagnostic tools, a TB-free India is no longer just a goal, but an achievable reality.

### राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह-2026

# प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर संवेदनशील अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पित हो : डॉ. प्रेमचन्द बैरवा





अजमेर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह-2026 का आयोजन मंगलवार को किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य मैं नहीं हम मात्र एक प्रतीक नहीं है। यह युवाओं की सोच और समाज के प्रति उनकी सकारात्मकता का प्रतिबिंब है। डॉ. बैरवा ने राष्ट्रीय युवा नीति तथा राज्य युवा नीति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया कि सेवा मात्र पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। यह गांव, गरीब की सेवा से प्राप्त होने वाला संतोष है।उन्होंने पुरस्कृत होने वाले सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। आपका अनुशासन निःस्वार्थता तथा राष्ट्र सेवा देश के लिए अमूल्य धरोहर है। स्वच्छता, जन सेवा, रक्त दान एवं आपदा राहत में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विशेष कार्य किया है। सेवा में ही सच्ची राष्ट्रीयता है। आत्मनिर्भर, संवेदनशील, अनुशासित, राष्ट्र के प्रति समर्पित युवा निर्माण एनएसएस का उद्देश्य है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर ने इस अवसर पर कहा कि समाज के कष्ट को अनुभवकर उसके निवारण में अपना हर संभव योगदान देना ही सेवा है। राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए उसमें अपनी भूमिका निर्धारित कर उसका क्रियान्वयन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कपूर ने आधुनिक शिक्षण संस्थाओं को आधुनिक गुरूकुल की संज्ञा देते हुए स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थान ही राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को निश्चित करते हैं।

उन्होंने कहा कि मात्र सरकार पर आश्रित होना उचित नहीं है और अपने सामर्थ्य का आकलन कर स्वयं को राष्ट्र के लिए समर्पित करने का भाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता प्रमेन्द्र सिंह ने साइबर अपराध की विशिष्ट विवेचना करते हुए इसकी चुनौतियां तथा उनके निवारण का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया। सिंह ने मोबाइल फोन तथा कम्प्यूटर से जुड़े विभिन्न अपराधों तथा उनसे मुक्ति के अनेक उपायों की व्याख्या की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार बहरवाल ने इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को प्रोत्साहन तथा उनकी ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करना शिक्षण संस्थानों का मूल उद्देश्य है। उन्होंने विजेता स्वयंसेवकों को आशीर्वाद तथा शेष विद्यार्थियों के लिये प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में वर्णित किया।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक सिन्धु प्रकाश भटनागर ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूवात बडे. सीमित संसाधनों से हुई थी लेकिन आज यह भारत के सबसे प्रभावशाली तथा व्यापक युवा संगठनों में से एक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान राष्ट्रीय सेवा योजना की राष्ट्रीय रैंकिंग में सदेव सर्वाच्च पांच स्थानों में रहा है। इसके लिए स्वयंसेवक व कार्यक्रम अधिकारी बधाई के पात्र है। उन्होंने एक गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना मात्र केन्द्रीय आर्थिक सहयोग पर निर्भर है जबकि इसके विस्तार के लिए यह आवश्यक है कि राज्य सरकार भी इसमें कुछ अंशदान करे ताकि इसे और विस्तार दिया जा सके।अजमेर जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. हरभान सिंह ने इस अवसर पर अपनी टीम द्वारा निर्मित स्मारिका, पत्रिका सेवा सृष्टि एवं दैनिक डायरी का विमोचन के लिए प्रस्तुत की। इसी अवसर पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा सामाजिक विकास और प्रौद्योगिकी पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेश दत्त, डॉ. सरिता चांवरिया, डॉ. गजेन्द्र मोहन तथा डॉ. अन्नपूर्णा सोनी ने किया।कार्यक्रम के अंत में अजमेर संभाग के सहायक निदेशक प्रो. अनिल कुमार दाधीच ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आशा व्यक्त की कि सभागार में विध्यमान सम्पूर्ण राजस्थान के प्रतिनिधि यहां से मिले ज्ञान को अपने महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के माध्यम से चरितार्थ करने प्रयास करेंगे।

## दासुन शनाका राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए चोटिल सैम करन की जगह दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका के दासुन शनाका दो करोड़ रुपए में आरआर में शामिल किया गया है। दासुन शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 एकदिवसीय और 131 टी-30 मैच खेले हैं और उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3350 से ज्यादा रन और 86 विकेट दर्ज हैं। इस श्रीलंकाई ऑलराउंडर ने इससे पहले आईपीएल में गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए खेला है।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID
sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.



## भारत विकास परिषद की अजमेर मुख्य शाखा बनी प्रांत की सर्वश्रेष्ठ शाखा

अजमेर/भीलवाड़ा। सामाजिक सेवा और संस्कार गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए भारत विकास परिषद की अजमेर मुख्य शाखा ने सत्र 2025-26 में प्रांत स्तर पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। शाखा को महानगर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित ह्लसर्वश्रेष्ठ शाखाह्व सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान भीलवाड़ा में आयोजित प्रांतीय परिषद सभा के दौरान परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डीडी शर्मा और क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी द्वारा प्रदान किया गया।अजमेर शाखा की उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं रहीं। रीजनल स्तर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता तथा प्रांतीय स्तर की युवा प्रखर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए भी शाखा को विशेष सम्मान दिया गया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़, पर्यावरण संयोजक दिलीप पारीक और शाखा संरक्षक सुरेश चंद गोयल सहित अनेक पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी।शाखा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गोयल ने इस सफलता का श्रेय सभी सदस्यों के समर्पण, सेवा भावना और निरंतर परिश्रम को दिया। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा किए गए नवाचार और समाजहित में संचालित गतिविधियों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।अजमेर मुख्य शाखा द्वारा कई सामाजिक और सेवा कार्य प्रभावी रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त फिजियोथेरेपी केंद्र का संचालन, जरूरतमंदों को चिकित्सा उपकरणों का निःशुल्क वितरण, बुक बैंक की स्थापना और सिलाई केंद्र के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़ना प्रमुख है। इसके अलावा वनवासी क्षेत्रों के लिए आर्थिक सहयोग और वस्त्र संग्रहण जैसे कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं।संस्कार और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शाखा द्वारा स्केट्स पर कांवड़ यात्रा, सीड बॉल्स वितरण, तुलसी पौधारोपण और प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत कपड़े के थैलों का वितरण जैसे अभिनव प्रयास भी किए गए हैं। इन गतिविधियों से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचा है।परिषद की सक्रियता और जनसेवा से प्रभावित होकर शाखा के सदस्य लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं शहर में संगठन की पहचान और प्रतिष्ठा भी मजबूत हुई है। समय-समय पर रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों का सफल आयोजन इसकी विशेषता बन गया है।इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ सुरेश गाबा, शाखा सचिव राजकुमार गोयल, रमेश चंद जाजू, अशोक गोयल, अशोक पंसारी, मोहनलाल कुमावत, आशा गोयल, राजेश गाबा तथा मधुरिमा गोयल उपस्थित रहे।

## वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार

पाली/जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे ने मारवाड़ जं.-खामली घाट- मारवाड़ जं. वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि एक अप्रैल से 30 सितंबर तक विस्तार किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने सोमवार को बताया कि गाडी संख्या 00961 एवं 00962 मारवाड़ जं.-खामली घाट-, मारवाड़ जं. वैली क्वीन मीटरगेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। इस रेलसेवा में एक एसी एक्जीक्यूटीव, दो मीटर गेज डिब्बे एवं एक पावर कार होंगे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)